**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0–11 का उत्तर :–**

.........................................................................

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11(क)- क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-लोधौसी वि0ख0-मलिहाबाद जनपद लखनऊ में बेहता नाला पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्का पुल का निर्माण कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 07 अगस्त, 2024 जो कि प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त कार्य पूर्ण करा दिया गया है ? | विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के विकास खण्ड मलिहाबाद के लोधौसी में बेहता नाले पर लकड़ी पुल के अपस्ट्रीम में बड़ी-गढ़ी नामक ग्राम में 5 किमी0 दूरी पर 80 मी0 स्पान का आर0सी0सी0 सेतु एवं डाउनस्ट्रीम में खालिसपुर नामक ग्राम में 4 किमी0 पर 80 मी0 स्पान का आर0सी0सी0 सेतु निर्मित है।<br>प्रश्नगत स्थल पर 3X28.25 मी0 दर व्यवस्था के 90.00 मी0 लम्बाई के सेतु की आवश्यकता होगी। सेतु की लागत एवं सेतु के दोनों तरफ पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित अनुमानित लागत रू0 2906.42 लाख है। सेतु का निर्माण वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त कार्य पूर्ण करायेगे ? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**